तेरी बांकी अदा बांके बिहारी भजन लिरिक्स

तेरी बांकी अदा बांके बिहारी,

दोहा – बांके बिहारी की बांकी अदा पे,
मैं बार बार बलिहारी जाऊं,
जनम जनम वृन्दावन राजा,
तेरे चरणन की रज पाऊं।

तेरी बांकी अदा बांके बिहारी,
बांकी छवि को देख देख के,
बांकी छवि को देख देख के,
जग है फ़िदा,
तेरी बांकी अदा बांके बिहारी।bd।

बांकी चितवन बांकी भृकुटि,
बांके तेरे नैना,
बांकी शीश बंधी है पगिया,
बांकी शीश बंधी है पगिया,
बांके बिना रहे ना,
मोहित चारो संप्रदाय, बांके बिहारी,
तेरी बांकी अदा बांके बिहारी।bd।

तेरी बांकी छवि है प्यारी,
ओ मेरे बांके बिहारी,
या छवि पे हरिदास गए थे,
या छवि पे हरिदास गए थे,
बार बार बलिहारी,
उनके मन में विरहा, बांके बिहारी,
तेरी बांकी अदा बांके बिहारी।bd।

तेरी सुन्दर छवि को है,
भक्तों आँखे प्यासी,
पागल आया द्वार तिहारे,
पागल आया द्वार तिहारे,
लखने झलक जरा सी,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

थोड़ी कर दो कृपा, बांके बिहारी,
तेरी बांकी अदा बांके बिहारी।**bd।**

तेरी बाँकी अदा बांके बिहारी,
बांकी छवि को देख देख के,
बांकी छवि को देख देख के,
जग है फ़िदा,
तेरी बांकी अदा बांके बिहारी।**bd।**

स्वर – श्री चित्र विचित्र जी महाराज।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com